नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय
## जंगल धूसड़-गोरखपुर
मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................  दिनांक 22.11.2018

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में 17–23 नवम्बर, 2018 के अर्न्तगत होने वाले वार्षिक समारोह के दौरान आज दिनांक 22.11.2018 को मंहत दिग्विजयनाथ स्मृति बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कम्प्यूटर सहायक श्री ब्रह्मा नन्द पाण्डेय ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि ''खेल और ताकत एक ही सिक्के के दो पहलू है। यह सत्य है कि खेल मे भागीदारी करने वाले एक व्यक्ति के पास सामान्य व्यक्ति (जो व्यायाम नहीं करता हो) से अधिक ताकत होती हैं। खेलो में रूचि रखने वाला व्यक्ति महान शारीरिक ताकत विकसित कर सकता है और किसी भी राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खेल में भागीदारी करके अपना भविष्य उज्ज्वल कर सकता है। खेल प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने, शारीरिक समन्वय बनाये रखने, शरीर की ताकत को बढ़ाने और मानसिक शक्ति में सुधार करने में मदद करता है।''

इस प्रतियोगिता में कुल सात टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का निर्णायक मैच महाराणा प्रताप टीम और योगिराज बाबा गंभीर नाथ सेवाश्रम टीम के बीच खेला गया जिसमें महाराणा प्रताप टीम ने योगिराज बाबा गंभीर नाथ सेवाश्रम टीम को 25–18, 25–21 से पराजित कर विजेता का सम्मान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में डॉ0 अभिषेक सिंह, श्री मनीष कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ''खेल विद्यार्थियों के चरित्र और स्वास्थ्य निर्माण द्वारा राष्ट्र को मजबूती प्रदान करने में महान भूमिका निभाता है। खेल मनुष्य के कार्य करने के तरीकों में गति और सक्रियता लाता है।'' प्रतियोगिता के अंत में क्रीड़ा प्रभारी श्री मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री नंदन शर्मा, श्रीमती शिप्रा सिंह, डॉ0 वेंकट रमन पाण्डेय एवं डॉ0 प्रज्ञेश कुमार मिश्र सहित भारी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

(डॉ0 राजेश शुक्ला)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी